# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 29.09.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 29.09.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के वाणिज्य विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिज्यूम राइटिंग, इंटरव्यू एवं ग्रुप डिस्कशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियो को करियर निर्माण की व्यावहारिक जानकारी दी गई।**

**कार्यशाला के मुख्य वक्ता ई. पीयूष पाण्डेय, प्लेसमेंट सेल एवं पर्सनेलिटी डेवलेपमेंट ट्रेनर, बालाजी एकेडमी ने बताया कि** आज के प्रतिस्पर्धी दौर में प्रभावी रिज्यूम राइटिंग करियर की पहली सीढ़ी है। सही संरचना, स्पष्ट भाषा और प्रासंगिक उपलब्धियों का उल्लेख उम्मीदवार को अन्य से अलग पहचान दिलाता है।

इंटरव्यू की तैयारी पर बोलते हुए उन्होने कहा कि आत्मविश्वास, सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज और सटीक उत्तर चयन प्रक्रिया में सफलता की कुंजी हैं। वहीं, ग्रुप डिस्कशन (GD) के महत्व पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियो को समझाया कि टीम वर्क, तार्किक सोच और संवाद कौशल का विकास चयन प्रक्रिया का अहम हिस्सा है।

कार्यशाला के दौरान छात्रों ने मॉक इंटरव्यू और जी.डी. में भाग लेकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ संजीव कुमार सिंह ने कहा कि** ऐसे कार्यक्रम छात्रों को रोजगार बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाएंगे और उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार साहनी,सदस्य प्लेसमेंट सेल ने किया एवं आभार ज्ञापन डॉ सुभाष कुमार गुप्ता, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग ने किया।

इस अवसर पर बालाजी एकेडमी के एकेडमिक हेड अविनाश श्रीवास्तव सहित विभाग के शिक्षक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ चंडी प्रसाद पांडेय, रानी द्विवेदी एवं समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

**डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**